कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकरकन्यास्नातकोत्तरमहाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोडदुर्ग (छ.ग.)
पूर्वनाम–शासकीय कन्यामहाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 24.11.2025

# //प्रेस विज्ञप्ति//

## कन्या महाविद्यालय द्वारा पोषक विद्यालय संपर्क अभियान

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव द्वारा आयोजित बैठक में प्राध्यापकों को निकटम विद्यालयों में भ्रमण एवं महाविद्यालय की सम्पूर्ण जानकारी देते हुए बच्चों को महाविद्यालय में प्रवेश हेतु प्रोत्साहित करने के लिए आदेशित किया गया।

जिसके अंतर्गत दिनांक 22.11.2025 को अर्धशासकीय दाऊ ररु प्रसाद राष्ट्रीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय में पावर प्वाईन्ट प्रजेन्टेशन के माध्यम से महाविद्यालय की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए छात्राओं को प्रवेश हेतु प्रोत्साहित किया गया तथा हमारे महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं से भी अवगत कराया गया। जिससे छात्राऐं अत्यन्त प्रभावित हुई एवं दिये गये जानकारी से संबंधित उनकी शंकाओं को भी दूर किया गया।

अंत में विद्यार्थियों को फीडबैक फार्म प्रदान कर उनसे इस कार्यक्रम एवं महाविद्यालय से संबंधित जानकारी के संतुष्टि की प्राप्ति हुई तथा इस कार्यक्रम में लगभग 55 छात्राएँ उपस्थित रहीं। अर्धशासकीय दाऊ ररु प्रसाद राष्ट्रीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय के प्राचार्य श्री सुरेन्द्र राजपूत ने हमारे द्वारा किये गये प्रयासों और कार्यक्रम की प्रशंसा की।

इस कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में श्रीमती वंदना बंजारे, डॉ. संध्या सिंह यादव, डॉ. वैभव शंकर सोनी एवं सहायक के रुप में श्री विजय चन्द्राकर की भागीदारी रही तथा यह प्रोग्राम हमारे महाविद्यालय की प्रतिष्ठा और महत्व को बताने में सफल रहा।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

दुर्ग, दिनांक : 24.11.2025

# //प्रेस विज्ञप्ति//

## कन्या महाविद्यालय द्वारा पोषक विद्यालय संपर्क अभियान










**(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)**
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)